नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 विकसित भारत के लिए खोला खजाना


6 मां भारती के प्रति समर्पित जीवन


7 एआई से बढ़ी छंटनी, भारत का स्थान दूसरा


11 मोरक्को ने कनाडा को 3-0 से हराया

# शिवपुरी में डिफेंस फैक्ट्री

## सीएम डॉ. मोहन यादव और सिंधिया ने किया डिफेंस फैक्ट्री का शिलान्यास

**10 हजार लोगों को नौकरियां मिलेंगी मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में**

**01 लाख 10 हजार करोड़ के निवेश की घोषणा की अदाणी ने**

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 5 जुलाई. शहर में रविवार को यहां भव्य समारोह में 2500 करोड़ रुपए की लागत वाले अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का शिलान्यास किया गया. फैक्ट्री में गोला-बारूद, हाईटेक हथियार, मिशन-रेडी मिसाइलें और हाईटेक डिफेंस प्रोडक्ट्स बनाए जाएंगे. मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में करीब 10 हजार लोगों को नौकरियां मिलेंगी.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में अदाणी ग्रुप की डिफेंस फैक्ट्री के शिलान्यास को ऐतिहासिक अवसर बताया. मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मांगों को स्वीकार करते हुए कई घोषणाएं कीं. उन्होंने कहा कि शिवपुरी में 100 फीट से अधिक ऊंची भगवान शिव की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी. इसके साथ ही करीब 120 करोड़ रुपए की सड़क परियोजना और नई तहसील को मंजूरी दी गई. मुख्यमंत्री ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशियलिटी सुविधाएं, कार्डियोलॉजी विभाग और सीटी स्कैन जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं शुरू करने की भी घोषणा की. उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिवपुरी के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करेगी.

अदाणी समूह के डायरेक्टर जीत अदाणी ने कहा कि समूह के चेयरमैन ने मध्य प्रदेश में 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की है. यह निवेश पंप हाइड्रो स्टोरेज, सीमेंट, माइनिंग, लॉजिस्टिक्स और थर्मल एनर्जी जैसे क्षेत्रों में किया जाएगा. अदाणी ग्रुप का लक्ष्य 2030 तक मध्य प्रदेश में करीब 1 लाख 20 हजार रोजगार उपलब्ध कराना है.




**युद्ध में शिवपुरी से हथियार और गोला-बारूद जाएंगे**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जब भी देश की रक्षा के लिए युद्ध होगा, तब शिवपुरी से हथियार और गोला-बारूद जाएंगे. यहां के युवाओं की मेहनत से बने हथियार दुश्मन का सीना चीरेंगे. गोला-बारूद दुश्मन को परास्त करेंगे. उन्होंने शिवपुरी के लिए सीएम से विभिन्न मांगें कीं.

# ट्रंप ने पुतिन से फोन पर की बातचीत

**मॉस्को/ कीव, 5 जून. यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका के 250वें स्वतंत्रता दिवस पर शनिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात की. श्री जेलेंस्की ने कहा कि श्री ट्रंप के साथ उनकी 'फ़ोन पर बहुत अच्छी बातचीत' हुई.**

उन्होंने अमेरिका के 250वें स्वतंत्रता दिवस पर श्री ट्रंप को बधाई दी और दोनों नेताओं के बीच यूक्रेन युद्ध के मोर्चे पर मौजूदा हालात पर चर्चा हुई. श्री जेलेंस्की ने कहा कि संघर्ष को खत्म करने की संभावना वास्तविक है और वह श्री ट्रंप के साथ आगामी नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान अपनी बातचीत जारी रखने पर सहमत हुए हैं. दूसरी ओर, श्री पुतिन ने शनिवार को श्री ट्रंप से टेलीफोन पर बातचीत कर उन्हें स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी.



**पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिका को दी बधाई**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका की स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक अवसर पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प और अमेरिका की जनता को बधाई दी. पीएम मोदी ने भारत-अमेरिका साझेदारी की स्थायी ताकत पर जोर दिया. मोदी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट में लिखा मैं राष्ट्रपति ट्रम्प और अमेरिका की जनता को आपकी स्वतंत्रता वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई देता हूँ.

## काल भैरव में दर्शन टिकट से 45 दिनों में 3 करोड़ से अधिक की आय

**उज्जैन.** प्रसिद्ध काल भैरव मंदिर में 500 रुपए की दर्शन टिकट से मंदिर समिति को हाल ही के 45 दिनों के दौरान 3 करोड़ रुपए से अधिक की आय हुई है. महाकाल के बाद दर्शन टिकट से कमाई करने वाला कालभैरव शहर का दूसरा सबसे बड़ा मंदिर बन गया है. महाकाल मंदिर में भी 250 रुपए की शीघ्र दर्शन टिकट से समिति को करोड़ों की आय होती है. उसी प्रकार कालभैरव मंदिर समिति ने भी यहां गत 20 मई को ही वीआईपी दर्शन की टिकट का काउंटर शुरू किया था.

## कैलारस नगर परिषद के उपाध्यक्ष पति ने गोली मारकर की खुदकुशी

**मुरैना, 5 जुलाई. कैलारस नगर परिषद के उपाध्यक्ष पति अशोक राणावत (पत्नि सीमा राणावत) ने अधिया बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या कर ली.**

58 वर्षीय पार्षद का खून से लथपथ शव ब्रजगढ़ी रोड फार्म हाउस पर मिला. उनका तोमर गली के निवास है. वे भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलारस भी रहे थे. आत्महत्या से पहले अशोक राणावत नगर परिषद के व्हाट्सऐप ग्रुप पर संदेश भेजकर सभी पार्षदों से किसी भी गलती के लिए माफी मांगी. उन्होंने परिचितों और रिश्तेदारों को भी संदेश भेजा, जिसमें बच्चों का ख्याल रखने की अनुरोध किया गया था. जानकारी के अनुसार, जिस बंदूक से आत्महत्या की गई, वह अवैध है.



## केतन केस जैसा रेवाड़ी में मर्डर

- रेवाड़ी में पत्नी ने प्रेमी संग रची पति की हत्या की साजिश
- डिलीट चैट और 49 कॉल से खुला मोनू हत्याकांड का राज

**रेवाड़ी, 5 जुलाई. हरियाणा के रेवाड़ी जिले में 21 वर्षीय युवक मोनू की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस जांच के दौरान कई अहम तथ्य सामने आए हैं. शुरुआती जांच में जिस मामले को दुर्घटना माना जा रहा था, वह मोबाइल फोन से मिले डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर कथित हत्या की साजिश में बदल गया.**



पुलिस के अनुसार, मामले में मृतक की पत्नी, उसके कथित प्रेमी और अन्य लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है. जानकारी के अनुसार, जड़थल गांव निवासी मोनू 8 जून को लापता हो गया था. बाद में उसका शव नहर से बरामद हुआ. उस समय परिजनों और पुलिस ने इसे दुर्घटना मानकर कार्रवाई शुरू की थी. अंतिम संस्कार और अन्य पारिवारिक रस्मों में मृतक की पत्नी भी शामिल रही, जिससे किसी को उस पर संदेह नहीं हुआ.

मामले ने उस समय नया मोड़ लिया जब पुलिस ने 11 जून को मोनू का मोबाइल फोन परिजनों को सौंपा. परिजनों ने देखा कि फोन का पूरा डेटा डिलीट था. इस पर उन्हें संदेह हुआ और उन्होंने साइबर विशेषज्ञ की मदद से मोबाइल का डेटा रिकवर कराया. डेटा रिकवरी के बाद सामने आए कॉल रिकॉर्ड और डिलीट चैट ने जांच की दिशा बदल दी. परिवार के अनुसार, घटना वाले दिन मोनू ने अपनी पत्नी को 49 बार फोन किया था, लेकिन दोनों के बीच केवल एक बार करीब तीन मिनट की बातचीत हुई.

## अवैध खनन पर 'जीरो कोल लीकेज प्लान' लागू करें

**नई दिल्ली, 5 जुलाई. केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने एक उच्च-स्तरीय बैठक में अवैध कोयला खनन और कोयले की चोरी से जुड़ी स्थिति की समीक्षा की.**

अमित शाह ने कोयला मंत्रालय और सीआईएसएफ द्वारा अब तक उठाए गए कदमों की सराहना की, साथ ही अवैध खनन की समस्या पर रोक लगाने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दियाअवैध खनन और कोयले के अनधिकृत परिवहन पर व्यापक और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए ज़ीरो कोल लीकेज प्लान लागू करने का निर्णय लिया गया. गृह मंत्रालय को सीआईएसएफ की तैनाती के लिए कोयला क्षेत्र को प्राथमिकता वाली सूची में शामिल करने का निर्देश दिया। सीआईएसएफ क्विक रिस्पॉन्स टीमें बनाए और संवेदनशील इलाकों में कई स्तरों वाली सुरक्षा व्यवस्था लागू करे. केन्द्रीय गृह मंत्री ने टेक्नोलॉजी का ज़्यादा असरदार ढंग से इस्तेमाल करने की ज़रूरत पर भी बल दिया। गैर-कानूनी खनन गतिविधियों में शामिल इलाकों और लोगों की पहचान करने के लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर्स में लगे हाई-रिज़ॉल्यूशन कैमरों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं कोयला और खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने अवैध कोयला खनन और कोयले की चोरी से जुड़ी स्थिति की समीक्षा के लिए नई दिल्ली में एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में, केंद्रीय गृह सचिव, केंद्रीय कोयला सचिव और कोयला मंत्रालय, सीआईएसएफ, कोल इंडिया लिमिटेड तथा बीसीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए.



बैठक के दौरान, गृह मंत्री ने धनबाद और आस-पास के इलाकों में अवैध कोयला खनन और चोरी की बिगड़ती स्थिति पर चिंता जताई. कोयला मंत्रालय के अधिकारियों ने बैठक में गृह मंत्री को बताया कि अक्टूबर 2025 के पहले हफ़्ते में हुई समीक्षा के बाद से कई ठोस कदम उठाए गए हैं.



**ओंकारेश्वर में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने की पूजा**

**खंडवा.** ओंकारेश्वर भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार, राज्य के दो दिवसीय प्रवास के दौरान शनिवार को मां नर्मदा के पावन तट पर स्थित तीर्थनगरी ओंकारेश्वर पहुंचे। ओंकारेश्वर आगमन पर उन्होंने श्रद्धा एवं विधि-विधान के साथ भगवान शिव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा आशीर्वाद प्राप्त किया. प्रवास के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री कुमार ने परिवारजनों के साथ ओंकारेश्वर मंदिर में आयोजित श्रृंगार आरती एवं शयन श्रृंगार में सहभागिता की. ओंकारेश्वर प्रवास के दौरान उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से सौहार्दपूर्ण चर्चा भी की.

## पद्म विभूषण तीजन बाई ने ली अंतिम सांस

**रायपुर, 5 जुलाई. भारतीय लोक कला जगत से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है. देश की प्रतिष्ठित पंडवानी गायिका और पद्म विभूषण से सम्मानित तीजन बाई का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है.**

रायपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के पीआरओ ने उनके निधन की पुष्टि की है. मिली जानकारी के अनुसार, तीजन बाई पिछले कई हफ्तों से रायपुर एम्स में भर्ती थीं और गंभीर रूप से बीमार चल रही थीं. आज तड़के करीब 3:15 बजे अचानक उनकी तबीयत और बिगड़ी, जिसके बाद उन्होंने अंतिम सांस ली. उनके निधन की खबर से छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश के सांस्कृतिक और कला जगत में शोक की लहर दौड़ गई है. छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के गनियारी गांव में 1956 में जन्मी तीजन बाई का जीवन संघर्ष और दृढ़ संकल्प की एक अद्वितीय मिसाल रहा है.



**राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने जताया शोक**

छत्तीसगढ़ की लोककला पंडवानी को वैश्विक पहचान दिलाने वाली पद्म विभूषण डॉ. तीजन बाई के निधन पर देशभर में शोक की लहर है. इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अनेक नेताओं ने उनके निधन को कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया है.



## शोपियां मुठभेड़ में लश्कर के दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर, 5 जुलाई. जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले के सैदपोरा इलाके में सुरक्षाबलों ने संयुक्त अभियान के दौरान लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों को मार गिराया. मुठभेड़ शनिवार शाम शुरू हुई और कई घंटों तक चली.**

सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, मारे गए आतंकियों की पहचान जाकिर अहमद गनी और उसके सहयोगी लतीफ भट के रूप में हुई है. दोनों दक्षिण कश्मीर में लश्कर के सक्रिय ऑपरेटिव माने जाते थे. जानकारी के मुताबिक, सुरक्षाबलों को सैदपोरा पायीन के पास छानपोरा क्षेत्र में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी. इसके बाद भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने संयुक्त घेराबंदी अभियान शुरू किया. जब सुरक्षाबल आतंकियों के ठिकाने के करीब पहुंचे तो उनकी ओर से गोलीबारी शुरू कर दी गई. जवाबी कार्रवाई में मुठभेड़ छिड़ गई.

मुठभेड़ शुक्रवार शाम करीब 7:45 बजे शुरू हुई थी. रात में अंधेरा बढ़ने के कारण अभियान अस्थायी रूप से रोक दिया गया, लेकिन अगले दिन फिर तलाशी और कार्रवाई शुरू की गई, जिसमें दोनों आतंकी मारे गए.

सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, जाकिर अहमद गनी उन 14 स्थानीय आतंकियों की सूची में शामिल था, जिसे अप्रैल 2026 के पहलगाम आतंकी हमले के बाद जारी किया गया था. उसका संबंध दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के मुतलहम गांव से बताया गया है. जांच एजेंसियों के रिकॉर्ड के मुताबिक, वह वर्ष 2024 से लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था और पाकिस्तान समर्थित आतंकी गतिविधियों में उसकी भूमिका की जांच चल रही थी. उसका साथी लतीफ भट पिछले वर्ष आतंकी संगठन में शामिल हुआ था.

**चढ़ावा चोरी मामला** आज अयोध्या मंदिर ट्रस्ट की दोपहर 3 बजे होगी अहम मीटिंग

# मोहन भागवत बोले- पापी को सख्त सजा मिले

**अयोध्या, 5 जुलाई. अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी को लेकर आज दोपहर 3 बजे मंदिर में अहम बैठक होगी. जिसमें चंपत राय और अनिल मिश्रा के इस्तीफे पर वोटिंग होगी. मंदिर ट्रस्ट के 15 में से 11 सदस्याओं के वोट ही मान्य होंगे. बताया जा रहा है कि बैठक में चंपत राय और डॉ. अनिल मिश्र के इस्तीफों पर विचार और एसआईटी की अंतरिम रिपोर्ट की समीक्षा मुख्य रूप से शामिल है.**



वहीं, अब इस मामले में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के बाद संघ प्रमुख मोहन भागवत की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है. उन्होंने कहा कि वो सरकार्यवाह के बयान से हम सहमत हैं और इस घटना की कड़ी निंदा करते हैं. उन्होंने कहा कि जो भी इसमें दोषी है उस पापी को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए.

अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी महाराज ने चिट्ठी जारी कर दी चढ़ावा चोरी मामले पर सफाई दी है. उन्होंने कहा कि गोविंद देव गिरी ने कहा कि खर्च सीधे बैंक के माध्यम से किए जाते थे,


विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने जांच अधिकारी को पत्र लिखकर कहा कि विपक्षी नेताओं से भी पूछताछ होनी चाहिए . क्योंकि उन्होंने 20 हजार करोड़ के घपले के आरोप लगाए हैं.

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य महंत दिनेन्द्र दास ने कहा कि राम मंदिर से जुड़े किसी भी प्रकार के दान की हेराफेरी करने वालों के लिए कोई नरमी नहीं बरती जानी चाहिए.

**पांच आरोपियों से पांच घंटे की गई पूछताछ**

इस मामले में अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है. रविवार को पुलिस पूछताछ के लिए अयोध्या जेल पहुंची, जहां पांच आरोपियों—रमाशंकर मिश्रा, मनीष यादव, लवकुश मिश्रा, अनुकल्प मिश्रा और करुणेश पांडेय—से पूछताछ करीब पांच घंटे पूछताज की गई. इससे पहले तीन अन्य आरोपियों से भी पूछताछ हो चुकी है.

### एक नजर में



**पीएम मोदी आज से छह दिवसीय विदेश दौरे पर**

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 से 11 जुलाई, 2026 को तीन देशों (इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड) की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे. पीएम मोदी सोमवार को इंडोनेशिया के लिए रवाना होंगे. इंडोनेशिया गणराज्य के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो के निमंत्रण पर, प्रधानमंत्री मोदी 6-8 जुलाई, 2026 को इंडोनेशिया की यात्रा करेंगे. यह प्रधानमंत्री की चौथी और मई 2018 में भारत-इंडोनेशिया संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी का दर्जा मिलने के बाद पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी.

**कोच्चि में आज से ब्रिक्स महिला कार्य समूह की बैठक**

**नई दिल्ली.** भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत छह और सात जुलाई को केरल के कोच्चि में ब्रिक्स महिला कार्य समूह (डब्ल्यूडब्ल्यूजी) की बैठक आयोजित की जाएगी. ब्रिक्स में ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात सहित 11 देश शामिल हैं. इन देशों की वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि बैठक में ब्रिक्स सदस्य देशों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी विभिन्न क्षेत्रों में महिला सशक्तीकरण, महिला-नेतृत्व वाले विकास और साझा प्राथमिकताओं पर सहयोग बढ़ाने से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे.

**भारत-ईयू टीटीसी बैठक में शामिल होंगे जयशंकर**

**नई दिल्ली.** विदेश मंत्री (ईएएम) एस. जयशंकर 5 से 15 जुलाई तक कतर, बहरीन, कुवैत, ओमान, न्यूयॉर्क और ब्रुसेल्स का दौरा करेंगे. विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी हैं. इस यात्रा का मुख्य मकसद इन छह देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है. मंत्रालय ने बताया, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 5 से 10 जुलाई तक कतर, बहरीन, कुवैत और ओमान की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे. इन देशों की यात्रा के दौरान, वे अपने समकक्षों और वहां के नेतृत्व से मुलाकात करेंगे. यात्रा का फोकस इन छह देशों के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने पर होगा और साथ ही क्षेत्रीय घटनाक्रमों और आपसी हित के मुद्दों पर विचारों के आदान-प्रदान का अवसर भी मिलेगा.



**सॉल्व रॉकेट मोटर का पहला सफल परीक्षण किया**

**चेन्नई.** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए सॉल्व के ठोस ईंधन वाले रॉकेट का पहला सफल परीक्षण किया है. इस परीक्षण का उद्देश्य गगनयान के क्रू मॉड्यूल की सुरक्षित वापसी ( की जांच करना है. इसरो ने बताया कि यह परीक्षण तीन जुलाई को सुबह 10 बजे श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के स्टैटिक टेस्ट फैसिलिटी में किया गया.